प्रेषिका

अंजलि रानी
ID- UP2326
सिविल जज (जू०डि०)/जे०एम०
हसनपुर, अमरोहा |

सेवा में,

महानिबंधक
माननीय उच्च् न्यायालय,
इलाहाबाद, उ०प्र० |

द्वारा,

माननीय जिला न्यायाधीश,
अमरोहा |

विषय – **वार्षिक स्थानांतरण वर्ष 2021 के सम्बन्ध में |**

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अत्यंत विनम्रतापूर्वक निवेदन है कि मेरे द्वारा दिनांक 12/01/2017 को जिला अमरोहा में कार्यभार ग्रहण किया गया है तथा वर्ष 2021 में प्रार्थिनी का वार्षिक स्थानान्तरण प्रस्तावित है | इस सम्बन्ध में eServices for judicial officers के माध्यम से अपना विकल्प सादर प्रेषित कर रही हूँ |

माननीय महोदय को विनम्रता पूर्वक यह भी अवगत कराना है कि प्रार्थिनी वर्तमान में गर्भवती है व प्रार्थिनी की डिलीवरी माह दिसम्बर के अंत में अपेक्षित है तथा चिकित्सक की सलाहानुसार प्रार्थिनी दिनांक 20/11/2020 से मातृत्व अवकाश पर है | उपरोक्त के सम्बन्ध में माननीय महोदय से यह विनम्र प्रार्थना है कि प्रार्थिनी के पति व् सास-ससुर जिला बुलंदशहर में साधारणत: निवास करते है और प्रस्तावित स्थानातरण के समय प्रार्थिनी का शिशु काफी छोटी अवस्था में होगा |

अत: माननीय महोदय से आदरसहित अनुरोध है कि उपरोक्त परिस्थिति में प्रार्थिनी द्वारा प्रेषित विकल्प पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए जिला बुलंदशहर के समीपवर्ती जिला/स्थान प्रदान कराए जाने हेतू माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करे |

सादर |

भवदीया

Anjali Rani

अंजलि रानी
(ID- UP2326)
सिविल जज (जू०डि)/जे०एम०
हसनपुर, अमरोहा |

दिनांक: 27/11/2020

संलग्नक: 1. चिकित्सकीय प्रमाणपत्र
2. चिकित्सकीय पर्चा